# Greenlawns School - Worli

**Final Examination - 2016 -2017**

कक्षा :- सातवीं      पूर्णांक :- 80

विषय :- हिंदी

दिनांक :- 20.02.17      समय :- 2 घण्टे

---

सूचना :- 1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

2. शुद्ध भाषा एवं सुवाच्य लेखन अपेक्षित हैं ।

---

विभाग - अ

भाषा - विभाग


प्रश्न 1) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए :- (10)

i. यदि मैं देश का प्रधानमंत्री बन जाऊँ ......

ii. एक फटे हुए नोट की आत्मकथा

iii. मोबाइल : वरदान या अभिशाप ।

iv. नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और उससे संबंधित जो विचार आपके मन में आते हैं, उनका वर्णन कीजिए :-



---

प्रश्न 2) निम्नलिखित विषय पर पत्र लिखिए :- (7)

अपने मित्र को डेंगू क्या है, कैसे फैलता है, इसके लक्षण व इससे बचने के उपायों का वर्णन करते हुए पत्र लिखिए ।

प्रश्न 3) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (10)

१० सितंबर, १९६५ की बात है। भारत और पाकिस्तान के बीच कई मोर्चों पर घोर संग्राम हो रहा था। एक मोर्चा अमृतसर से पश्चिम की ओर खेमकरन के पास कसूर क्षेत्र में था। इसी मोर्चे पर कंपनी - क्वार्टर - मास्टर हवलदार अब्दुल हमीद तैनात थे। उन्होंने अपनी टुकड़ी की ओर शत्रु के पैंटन' टैंकों को बढ़ते देखा। वह तुरंत स्थिति की गंभीरता समझ गए और उन्होंने अपने प्राणों की बाज़ी लगाकर आक्रमण को रोकने का दृढ़ निश्चय कर लिया। उन्होंने सच्चे सैनिक के सम्मान की बात सोची और सोचा उस जन्मभूमि की मर्यादा को, जिसमें उनके पुरखों की मिट्टी मिली हुई है।

अपने प्राणों को हथेली पर रखकर वे आगे बढ़े। सामने पाकिस्तानी तोपें आग उगल रहीं थीं। अब्दुल हमीद के दाएँ - बाएँ, आगे - पीछे, सभी ओर गोले फट रहे थे, किंतु उन्होंने इनकी कुछ भी परवाह न की। वे बड़े कौशल से अपनी जीप को एक टीले की आड में ले गए और टैंकों के अधिक से अधिक निकट पहुँचकर अपनी तोप से भीषण गोलाबारी शुरू कर दी। यह गोलाबारी इतने निकट से हुई थी कि गोला लगते ही पहले टैंक में तुरंत आग लग गई। हमला करने वाले उन्हें देख न सके। एक के बाद एक अपने टैंक नष्ट होते देख पाकिस्तानी सिपाही भौंचक्के थे। इसी बीच उन्होंने अब्दुल हमीद को देख लिया। फिर क्या था, उनकी तोपों के मुँह अब्दुल हमीद की ओर घूम गए। उनको लक्ष्य बनाकर टैंकों से गोलों की बौछार होने लगी फिर भी वीर हमीद ने साहस नहीं छोड़ा। वे मोर्चे पर डटे रहे। चौथे टैंक को लक्ष्य बनाकर गोला फेंकने ही वाले थे कि एक गोला उनके ऊपर गिरा और वे वीरगति को प्राप्त हो गए।

मरणोपरांत अब्दुल हमीद को वीरता के सर्वोच्च पुरस्कार परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया।

प्रश्न :-

i. अब्दुल हमीद कौन थे ? वे किस मोर्चे पर लड़ रहे थे ? (2)

ii. अब्दुल हमीद ने क्या निश्चय किया व क्यों ? (2)

iii. अब्दुल हमीद ने शत्रु का सामना किस प्रकार किया ? (2)

iv. अब्दुल हमीद की मृत्यु किस प्रकार हुई ? (2)

v. मरणोपरांत उन्हें किस पुरस्कार से सम्मानित किया गया ? आपने इस गद्यांश से क्या सीखा ? (2)

## व्याकरण - विभाग

प्रश्न 4) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए :-

i. निम्नलिखित शब्दों के २ पर्यायवाची शब्द लिखिए :- (2)

1. सरस्वती 2. हाथ

ii. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :- (2)

1. शुक्ल 2. संधि

3. सुस्त 4. सँकरा

iii. निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए :- (1)

1. हित चाहनेवाला - 2. जो कभी नष्ट न हो -

iv. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिए :- [ कोई दो ] (3)

1. ज़हर उगलना - 2. पाँव उखड़ना -

3. काना - फूसी करना -

v. निम्नलिखित वाक्यों में से अव्यय पहचानकर उनके भेद लिखिए :- (2)

i. गाँधी जी ने सत्य और अहिंसा इन मूल्यों के सहारे भारत को आज़ादी दिलाई ।

ii. सरकार ने नोटबंदी की ताकि काला धन सबके सामने आ जाए ।

vi. निम्नलिखित वाक्यों में निर्देशानुसार काल परिवर्तन कर वाक्य पुन: लिखिए :- (2)

i. अध्यापक मॉनीटर से कॉपियाँ मँगवाते हैं । ।
( भविष्यकाल में बदलिए । )

ii. सैनिक सीमा पर पहरा देंगे ।
( वर्तमानकाल में बदलिए ।)

vii. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित कारक पहचानकर उसके भेद लिखिए :- (1)

i. कानपुर जा रही रेलगाड़ी पटरी <u>से</u> नीचे उतर गई ।

ii. प्रयाग पहुँचते ही गंगा <u>में</u> यमुना का मिलन हो जाता है ।

## विभाग - ब

## साहित्य - विभाग ( गद्य - विभाग )

प्रश्न 5) अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (12)

i. गिल्लू के जीवन में प्रथम वसंत क्या परिवर्तन लेकर आया व किस प्रकार स्पष्ट कीजिए ।

ii. रानी शुक्रदेई की वीरता का परिचय देते हुए बताइए कि उन्होंने खुर्दा के राजा को किस प्रकार बंदी बनाया ?

iii. ' गिल्लू को लेखिका से बहुत अधिक स्नेह था । ' इस वाक्य को उदाहरणसहित स्पष्ट कीजिए ।

iv. रानी शुक्रदेई की चारित्रिक विशेषताएँ बताते हुए आपने इस कहानी से क्या सीखा ? लिखिए ।

आ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए :- (3)

i. गिल्लू के रोएँ और पूँछ कैसी थी ?

ii. राजा की मृत्यु के पश्चात सेनापति के अनुसार क्या करने में समझदारी थी ?

iii. गिल्लू की किन बातों से सबको आश्चर्य होता था ?

इ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :- (3)

i. बंकी के राजा .......... बहुत ही वीर .......... थे ।

ii. गिल्लू कभी फूलदान के फूलों में छिप जाता, कभी परदे की .......... में और कभी .......... की पत्तियों में ।

iii. महारानी जी ! आप महान हैं, आज आपने .......... .......... पाई है ।

ई) निम्नलिखित वाक्य किसने - किससे कहा लिखिए :- (3)

i. "अब तो एक ही रास्ता बचा है कि शत्रु से हार मानकर आत्मसमर्पण कर दें ।"

ii. "अपने घर जा सकते हैं ।"

iii. "तो जाओ, युद्ध की तैयारी करो ।"

उ) शब्दार्थ लिखिए :- (3)

1. आहुति
2. लघुगात
3. सुलभ
4. आश्वस्त
5. निरीक्षण
6. मनकों

## पद्य - विभाग

प्रश्न 6) अ) बापू को कौन-सी बात खटकती थी ? यह बताते हुए कविता का मूलभाव स्पष्ट कीजिए । (3)

आ) निम्नलिखित कविता की पंक्तियाँ का संदर्भसहित भावार्थ लिखिए :- (5)

" काहे रे ! बन खोजन जाई ।
सर्व निवासी सदा अलेपा, तोही संग समाई ।
पुष्प मध्य ज्यों बास बसत है, मुकुर माहिंजस छाई ।
तैसे ही हरि बसैं निरंतर, घट ही खोजो भाई ।
बाहर भीतर एकै जानौ, यह गुरू ज्ञान बताई ।
जन नानक बिन आपा चीन्हे, मिटै न भ्रम की काई ।। "

इ) शब्दार्थ लिखिए :- (2)

1. मुकुर
2. छाई
3. स्वास्थ्य
4. थाती

## बाल - रामायण

प्रश्न 7) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

i. दशरथ ने राम के राज्याभिषेक का निश्चय क्यों किया ? (2)

ii. अगस्त्य ऋषि ने राम - लक्ष्मण को क्या परामर्श दिया तथा कौन - कौन - से अस्त्र - शस्त्र दिए ? (2)

iii. सुग्रीव ने राम को अपने भाई का परिचय देते हुए क्या - क्या बताया ? (2)

---------------- समाप्त ----------------